98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली डीपीएस सेक्टर-45 कक्षा बारह की छात्रा सुहाना अपने स्वजन के साथ।

सुहाना (98.4)	
कक्षा बारह- कला संकाय	
विषयवार	अंक
इंग्लिश	95
पालीटिकल साइंस	98
हिस्ट्री	100
लीगल स्टडीज	100
ज्योग्राफी	99

जज बनना चाहती हैं सुहाना

डीपीएस सेक्टर-45 की छात्रा सुहाना ने कला संकाय में 98.4 अंक प्राप्त किए हैं। सुहाना का कहना है कि परीक्षा के अंक मायने नहीं रखते बल्कि मायने रखता है तो ज्ञान। इसलिए किसी विषय को पढ़ें तो उसको ध्यान से समझें। अपनी मेहनत के बूते आप सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं। इसलिए लक्ष्य को पाने के लिए प्रयास करते रहें। जरूरी नहीं कि हर बार आपको सफलता मिलेगी लेकिन प्रयास नहीं रुकना चाहिए। यह प्रयास ही आपको आपकी मंजिल तक पहुंचा देगा।

समय-सारिणी बनाकर की पढ़ाई

सुहाना का कहना है कि परीक्षा का जो महीना होता है उसमें हर विद्यार्थी को अपना बेस्ट देना चाहिए। समय-सारिणी बनाकर पढ़ाई करने से आपको हमेशा लक्ष्य पूरा करने की प्रेरणा मिलेगी। इसलिए उन्होंने सारिणी बनाकर उसको फोलो किया। सुहाना ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावकों और शिक्षकों को दिया है।

जज बनकर लोगों को दिलाना चाहती हैं न्याय

सुहाना का कहना है कि वह जज बनना चाहती हैं। लोगों को न्याय दिलाने के लिए कार्य करना चाहती हैं। जरूरतमंद वर्ग जो जानकारी के अभाव में पिछड़ा रह जाता है, उनको उनका हक दिलाने के लिए कार्य करना चाहती हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करने का सपना है।